Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding setting up of an Agriculture University in Deoria Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): हमारे संसदीय क्षेत्र देवरिया के अन्तर्गत बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कृषि विश्व विद्यालय हेतु सभी संसाधन उपलब्ध हैं । जिन 17 बिन्दुओं पर विश्व विद्यालय की स्थापना हुई थी, उसकी संस्तुति हो गई है । यह हमारे संसदीय क्षेत्र के फाजिलनगर तहसील में शोध संस्थान पहले से कार्यरत है इस विश्वविद्यालय से उसे भी जोड़ करके विश्वविद्यालय की स्थापना होने पर उत्तर प्रदेश के पूर्वी एवं मध्यांचल बिहार का क्षेत्र कृषि क्षेत्र में उन्नतिशील होगा और प्रधानमंत्री जी का जो संकल्प है, किसानों की आमदनी दोगुनी करने के संकल्पों को गति मिलेगी ।